नई दिल्ली, मंगलवार
8 दिसंबर, 2020
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 12+4=16

दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

मूल्यांकन में 20 फीसद से ज्यादा गलती पर नपेंगे परीक्षक 4 किसानों के बहाने अराजकता फैलाना चाहता है विपक्ष: योगी 9

फिल्म सिटी की डीपीआर तैयार करने को आईं चार कंपनियां

विश्व की सबसे बेहतरीन फिल्म सिटी बनेगी रबूपुरा-जेवर में

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के रबूपुरा व जेवर क्षेत्र में दुनिया की सबसे बेहतरीन फिल्म सिटी बनेगी। एक हजार एकड़ में बनने वाली फिल्म सिटी की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए चार कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

सोमवार को तकनीकी बिड खोली गई। इसमें सफल रहने वाली कंपनियों के बीच अगले माह फाइनेंशियल बिड डाली जाएगी। इसके बाद किसी एक को डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रदेश सरकार ने यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे व जेवर में बनने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप यमुना सिटी में दुनिया की सबसे अच्छी फिल्म सिटी बनाने का फैसला किया है। इसके लिए सेक्टर 21 में एक हजार एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। इसमें से 220 एकड़ जमीन कामर्शियल गतिविधि व 780 एकड़ पर फिल्म सिटी बनेगी।

> फिल्म सिटी स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। तकनीकी बिड खुल चुकी है। शीघ्र कंपनियां अपना प्रस्तुतीकरण देंगी।
>
> **-शैलेंद्र भाटिया,** ओएसडी, यमुना प्राधिकरण

यमुना प्राधिकरण ने इसकी डीपीआर तैयार करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थी। एनडीएस आर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स, सीबीआरई साउथ एशिया प्रिवा व एगिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड आदि चार कंपनियों ने निविदाएं डाली हैं।

डीपीआर तैयार करने के साथ इसके मॉडल पर भी कंपनी अपने सुझाव देगी। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी मॉडल) पर भी फिल्म सिटी को बनाने पर विचार किया जा रहा है। कंपनी के सुझाव के बाद ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। फाइनेंशियल बिड के बाद जिस कंपनी का चयन होगा, वह मुंबई के अलावा दुनिया की सभी जगह की फिल्म सिटी का जायजा लेगी।

उसके बाद सबसे बेहतर मॉडल तैयार कर प्रदेश सरकार को सौंपा जाएगा। अभी कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म सिटी के संबंध में मुंबई का भी दौरा किया था।